WORLD खबर EXPRESS
गुरुवार 11 मई, 2023 | अंक - 374
www.worldkhabarexpress.media
www.worldkhabarexpress.com
WORLD
खबर एक्सप्रेस

# 12 मई को सीएसए में होगा फर्टिलाइजर ओरिएंटेशन कार्यक्रम



**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कृषि अधिष्ठाता संकाय कक्ष में कल दिनांक 12 मई 2023 को प्रातः 9 से 3:30 बजे तक एक दिवसीय उर्वरक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया नॉर्दन रीजन एवं सीएसए के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता कृषि संकाय डा. सी एल मौर्या ने बताया कि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह करेंगे। डॉक्टर मौर्य ने बताया कि इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों द्वारा उर्वरक तकनीकी पर प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। इस कार्यशाला में छात्र-छात्राएं एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहेंगे।

वर्ष-17 अंक-128 पृष्ठ-8 मूल्य-1 रुपए कानपुर, शुक्रवार 12 मई 2023
कानपुर व औरैया से एक साथ प्रकाशित, लखनऊ, इलाहाबाद, बुंदेलखंड, फतेहपुर, इटावा, कन्नौज, मैनपुरी, एटा, हरदोई, उन्नाव, कानपुर देहात में प्रसारित
दैनिक नगर छाया
आप की आवाज़.....
RNI N.UPHIN/2007/27090

# फ़र्टिलाइज़र ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन आज



**कानपुर (नगर छाया समाचार)।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कृषि अधिष्ठाता संकाय कक्ष में कल दिनांक 12 मई 2023 को प्रातः 9-00 से 3-30 बजे तक एक दिवसीय उर्वरक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।यह कार्यक्रम फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया नॉर्दन रीजन एवं सीएसए के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ सी एल मौर्या ने बताया कि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह करेंगे। डॉक्टर मौर्य ने बताया कि इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों द्वारा उर्वरक तकनीकी पर प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। इस कार्यशाला में छात्र-छात्राएं एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहेंगे।

# नाइट्रोजन युक्त खाद से सेहत खराब

## सीएसए की रिपोर्ट में खुलासा, बड़ों में हो रही ऑक्सीजन की कमी, बच्चों में ब्लू बेबी सिंड्रोम

माई सिटी रिपोर्टर

कानपुर। पौधों को जल्द बड़ा करने के चक्कर में कानपुर और आसपास के जिलों के किसान अधिक मात्रा में नाइट्रोजन युक्त खाद का प्रयोग कर रहे हैं। इससे लोग बीमार पड़ रहे हैं। बड़ों में ऑक्सीजन की कमी हो रही है तो बच्चे ब्लू बेबी सिंड्रोम का शिकार बन रहे हैं।

यह खुलासा चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि (सीएसए) की रिपोर्ट में हुआ है। सीएसए के मृदा विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल सचान ने बताया कि अभी कानपुर के अलावा ललितपुर और हमीरपुर की मिट्टी की जांच की जा रही है। इसमें पाया गया कि मिट्टी में कार्बनिक पदार्थों का असंतुलन लोगों को बीमार बना रहा है। पौधे को तेजी से बड़ा करने के लिए किसान नाइट्रोजनयुक्त खाद का इस्तेमाल कर रहे हैं।

डॉ. सचान ने बताया कि पौधा मात्र 35 से 40 फीसदी ही नाइट्रोजन ले पाता है, बाकी जमीन के भीतर चला जाता है। यह नाइट्रोजन हैंडपंपों के माध्यम से घरों तक पहुंचता है। कमजोर लिवर वाले लोगों के लिए नाइट्रोजन घातक है। उन्होंने बताया कि नाइट्रेट की अधिकता से रक्त में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है।



**पौधों को जल्द बड़ा करने के लिए किसान इस खाद का कर रहे उपयोग**

### मिट्टी में .8 की जगह .2 फीसदी बचे कार्बनिक पदार्थ

■ डॉ. सचान ने बताया कि इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ सॉयल साइंस भोपाल की ओर से जीपीएस की मदद से कुछ क्षेत्रों के नाम भेजे जाते हैं। इन क्षेत्रों में मिट्टी की जांच की जाती है। इस जांच में यूपी की मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ कम पाए गए हैं। कार्बनिक पदार्थ .8 फीसदी होने चाहिए जो मात्र .2 फीसदी रह गए हैं। इससे फसलों में कीट लगने की आशंका बनी रहती है। वहीं, बुंदेलखंड बेल्ट में नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश, जिंक, सल्फर की कमी पाई गई है। इस कारण इस बेल्ट के खेतों में पौधों की लंबाई कम होने के साथ जड़ों को छोड़ना तथा रंग खराब होने की समस्या आती है।

### बोले डॉक्टर

“ भारतीय बाल रोग अकादमी के अध्यक्ष डॉ. विवेक सक्सेना ने कहा कि हीमोग्लोबिन में ऑक्सीजन की मात्रा कम होने की वजह से ब्लू बेबी सिंड्रोम होता है। पानी में नाइट्रेट की मात्रा अधिक होने, कुष्ठ रोगों की दवा खाने से भी यह रोग होता है।

एनए
टेक
कानपुर।
नेशनल टे
शुगर इं
नई वि
उद्योग
उत्पाद
क्रॉकरि
स्टार्ट
का
वि
अ
प

# सीएसए में आज होगा उर्वरक ओरिएंटेशन

अमर उजाला कानपुर 12/05/2023

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शुक्रवार को एक दिवसीय उर्वरक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन होगा। फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया नॉर्दन रीजन एवं सीएसए के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. सीएल मौर्या ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के कुलपति डॉ. विजेंद्र सिंह करेंगे। कार्यक्रम में देश भर के विशेषज्ञ उर्वरक तकनीकी पर प्रस्तुतीकरण देंगे। (ब्यूरो)

देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश
गिरफ्तारी के दो दिन बाद इमरान को रिहाई 12
फीस समायोजन में आनाकानी कर रहे स्कूलों की... 10

# जन एक्सप्रेस



लखनऊ
वर्ष: 14 | अंक: 208
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12
शुक्रवार | 12 मई, 2023

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper



## उर्वरक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आज होगा आयोजन

**जन एक्सप्रेस, कानपुर नगर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कृषि अधिष्ठाता संकाय कक्ष में 12 मई शुक्रवार को एक दिवसीय उर्वरक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया नॉर्दन रीजन एवं सीएसए के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ.सी.एल.मौर्या ने बताया कि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विजेंद्र सिंह करेंगे। डॉ. मौर्य ने बताया कि इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों द्वारा उर्वरक तकनीकी पर प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। इस कार्यशाला में  छात्र-छात्राएं एवं संकाय सदस्य मौजूद रहेंगे।

# उर्वरक ओरिएंटेशन प्रोग्राम आज, विशेषज्ञ देंगे व्याख्यान

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 11 मई। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कृषि अधिष्ठाता संकाय कक्ष में शुक्रवार को प्रातः 9 से 3.30 बजे तक एक दिवसीय उर्वरक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया नॉर्दन रीजन एवं सीएसए के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ सी एल मौर्या ने बताया कि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह करेंगे। डॉ. मौर्य ने बताया कि इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने उर्वरक तकनीकी पर प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। इस कार्यशाला में छात्र-छात्राएं एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहेंगे।